RAF SECTOR
NEWS CLIP
20/04/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran (Prayagraj,UP)

प्राइवेट हॉस्टल और लॉज से कैसे साफ होगी गंदगी

जासं, प्रयागराज : हाईकोर्ट के हंटर के बाद पुलिस ने इविवि के हॉस्टलों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस, पीएसी और आरएएफ एक-एक कमरे की तलाशी ले रही है। ऐसे में सवाल खड़े होने लगे हैं कि प्राइवेट हॉस्टलों और लाजों से गंदगी कौन साफ करेगा। जगजाहिर है कि प्रयागराज के हॉस्टल और लॉज अपराधियों का मुफीद ठिकाना है। यहां के लॉज में छोटा राजन गिरोह के खास खान मुबारक और जफर ठिकाना बनाए थे। यहीं से जाकर जफर ने मुंबई में काला घोड़ा शूटआउट कांड किया था। इसके अलावा यहां के लॉज में पूर्वांचल के शूटरों का डेरा रहा है।

इविवि के हॉस्टलों में अवैध रूप से रह रहे छात्रों को खदेड़ने के साथ पुलिस ने कमरों की तलाशी लेकर अवैध हथियार, बम आदि बरामद किया है। इससे साफ है कि प्राइवेट हॉस्टल और लॉज के हालात क्या होंगे। यहां हथियारों का जखीरा मिलना आम है। शिवकुटी, मेंहदौरी, सलोरी, अल्लापुर, कटरा, तेलियरगंज, फाफामऊ, राजापुर, कैंट, जार्जटाउन, टैगोर टाउन, एलनगंज, छोटा बघाड़ा, कर्नलगंज, दारागंज समेत अन्य इलाकों में दर्जनों प्राइवेट हॉस्टल और लॉज बिना किसी निगरानी के चल रहे हैं। कई इमारतें बिना नक्शा पास बनाई गई हैं तो कई हॉस्टल और लाज में आग से बचाव के साधन ही नहीं हैं। इसके अलावा इन जगहों पर अपराधी बेखौफ आते जाते हैं। अपराधियों के फरारी काटने के यह मुख्य अड्डे हैं। कुछ साल पहले साउथ मलाका स्थित लाज में छोटा राजन के करीबी खान मुबारक और उसके भाई जफर ने पनाह ली थी।

अंबेडकर नगर के रहने वाले खान मुबारक और जफर ने यहीं के राजेश यादव और अन्य के साथ मुंबई जाकर हत्याकांड को अंजाम दिया था। मुंबई पुलिस और एसटीएफ ने गिरफ्तारी कर असलहों का जखीरा पकड़ा था। कटरा स्थित एक लॉज में रहने वाले छात्र आए दिन व्यापारियों पर बम गोली चलाते हैं। सलोरी के लॉज से वाराणसी में व्यापारी की हत्या करने वाले पकड़े गए थे। तेलियरगंज के एक लॉज में रहने वाले दो लड़के असलहा तस्करी में पकड़े जा चुके हैं। सलोरी के हॉस्टल में रहने वाले युवकों ने कुछ दिन पहले कलिका रेस्टोरेंट के बाहर छात्र को पीट पीटकर मार डाला था। इस घटना से प्रयागराज की पूरे देश में बदनामी हुई थी।

प्रियदर्शनी हॉस्टल में छापेमारी के दौरान मौजूद अर्द्ध सैनिक बल के जवान।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।